





## एक नजर में

### बड़वाह में अज्ञात वायरल संक्रमण से ग्रसित मरीजों का सफल उपचार एच एम हॉस्पिटल ने बढ़ाया उम्मीदों का भरोसा

**बड़वाह निप्र।** बड़वाह नगर में बीते कुछ दिनों से एक अज्ञात वायरल संक्रमण के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। इस संक्रमण से पीड़ित मरीजों का इलाज महेश्वर रोड स्थित एच एम हॉस्पिटल बड़वाह में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. हिमांशु सिंह द्वारा किया जा रहा है। इसी गंभीर बीमारी से ग्रसित एक मरीज को आज पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। डॉ. हिमांशु सिंह के अनुसार, इस संक्रमण के लक्षण चेचक (छोटी माता) से मिलते-जुलते हैं, लेकिन यह बीमारी चेचक से भिन्न है। चेचक में जहाँ संक्रमण केवल शरीर की बाहरी सतह पर दिखाई देता है, वहीं इस बीमारी में आँखों, जीभ, मसूड़ों, नाक और कान के अंदर तक संक्रमण का प्रभाव देखा जा रहा है।







**यह एक प्रकार का वायरल इंफेक्शन है जिसमें मरीज का:-** सीआरपी स्तर 130 से अधिक पाया जा रहा है, जबकि सामान्य स्थिति में यह स्तर 6 से कम होना चाहिए। इस बीमारी में मरीजों को बेहद कमजोरी, पूरे शरीर में जलन, लगातार बुखार, तथा आँखों में तेज जलन जैसी शिकायतें हो रही हैं। डॉ. सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखाई दें, तो बिना देर किए चिकित्सक से संपर्क करें तथा संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु आवश्यक सावधानियाँ बरतें।

### दोनों पैर से विकलांग सविता का सफल सिजेरियन प्रसव, माँ और शिशु दोनों स्वस्थ

**खरगोन।** ग्राम नरगाँव में निवासरत श्रीमती सविता पति महेश दोनों पैरों से विकलांग हैं एवं चलने में असमर्थ हैं। विवाह उपरांत उनका गर्भधारण और प्रसव उच्च जोखिम वाली श्रेणी में था और उनका केवल सिजर के माध्यम से ही संभव था। जैसे ही सविता के गर्भवती होने की जानकारी आशा कार्यकर्ता श्रीमती आशा मोरे को मिली, तो उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र नरगाँव के सी.एच.ओ. श्री प्रवीण जायसवाल एवं ए.एन.एम. श्रीमती कमला ब्राळमणे को सूचित किया। तत्पश्चात स्वास्थ्य टीम ने गृहभेंट कर श्रीमती सविता को उचित परामर्श दिया तथा बताया कि सामान्य प्रसव जोखिमभरा हो सकता है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण ऑपरेशन करवाने में असमर्थ होने की स्थिति में स्वास्थ्य दल ने आगे बढ़कर सहयोग किया। उप स्वास्थ्य केन्द्र नरगाँव की टीम ने उनका पंजीयन किया एवं इन्दौर के शासकीय एम.व्हाय. अस्पताल से संपर्क कर उनकी पूरी स्थिति से अवगत कराया। समय-समय पर आवश्यक जांचें की गईं और स्वास्थ्य सलाह दी गई। प्रसव का समय आने पर आशा कार्यकर्ता के माध्यम से श्रीमती सविता को शासकीय एम.व्हाय. अस्पताल इन्दौर में सिजेरियन के लिए पहुँचाया गया। निरंतर समन्वय बनाते हुए आखिरकार उनका सिजेरियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। माँ तथा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। उप स्वास्थ्य केन्द्र नरगाँव की स्वास्थ्य टीम की तत्परता, समन्वय एवं उत्कृष्ट सेवा भावना से श्रीमती सविता पति महेश के घर सुरक्षित प्रसव के साथ खुशियों का आगमन हुआ। श्रीमती सविता व उनके परिवार ने स्वास्थ्य टीम के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। शिशु पूर्णत: स्वस्थ है और उसका टीकाकरण निर्धारित समयानुसार किया जा रहा है।



### भव्य मंदिर में की अष्टभुजा मोठी माता, भैरूजी और गणेशजी की प्राण : प्रतिष्ठा



**खरगोन।** समीपस्थ ग्राम मगरिया में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ अष्टभुजाधारी मोठी माता, भैरुजी और श्री गणेश जी की प्रतिमाओं की प्राण- प्रतिष्ठा की गई। दो दिवसीय महोत्सव के तहत सुबह मुख्य यजमान संजय-सरला शर्मा, दीपक- सारिका पाटीदार, शुभम- संध्या कुशवाह, राहुल-मनीषा चौहान ने विद्वान आचार्यो राहुल शर्मा, हेमंत शर्मा, अर्पित शर्मा और गोपाल बिल्लौरे के सानिध्य में मंत्रोच्चार के बीच विभिन्न द्रव्यों, औषधियों से प्रतिमाओं का अभिषेक किया। मुख्य यजमान संजय- सरला शर्मा ने हवन, शिखर कलश स्थापना, ध्वज स्थापना सहित अन्य वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए। प्राण-प्रतिष्ठा, अभिषेक, पूजन और हवन पुर्णाहुति के बाद श्रीमती मंजू पाटीदार, ममता कुशवाह, कृष्णा कुशवाह, लीला चौहान, राजेंद्र कुशवाह, सतीष कुशवाह, संजय शर्मा, दीपक पाटीदार और सरपंच ममता सुमेरसिंह ने कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया। इस दौरान हलवा प्रसादी वितरण के साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया।

### भाषण में आदिवासी जननायकों की शौर्य गाथा का किया बखान

**खरगोन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सेगांव इकाई ने छात्रावास में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील, भीमा नायक सहित जनजातीय महानायकों के संघर्ष, स्वाभिमान और साहस पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। मालवा प्रांत जनजाति छात्र कार्य सह-प्रमुख निर्मल चौहान ने कहा कि जनजातीय समाज सदियों से स्वाभिमान, देशभक्ति और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूरी बनाकर अच्छा और अनुशासित विद्यार्थी जीवन जीने की प्रेरणा दी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर ऊँचे पदों तक पहुँचने का संकल्प भी दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, परंपरा और स्वाभिमान को पुन: जानने का अवसर है। नगर मंत्री पीयूष यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आयुष यादव, आकाश, राज पटेल सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को जनजाति पंचायत झाबुआ में 13 नवंबर को आयोजित होने का अवसर मिलेगा।




### मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



**खरगोन।** श्री नवग्रह मेला व्यापारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में तहसीलदार सहित विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक बालकृष्ण पाटीदार को सौंपा है। श्री नवग्रह मेला व्यापारी संघ के प्रचार प्रमुख दीप जोशी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से पारंपरिक श्री नवग्रह मेले की तिथि 1 जनवरी से 25 फरवरी करने एवं श्री नवग्रह मेले में वाहन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम पर कर छूट के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए फंड और जिले को संभाग बनाने की मांग की है।

# दिल्ली में हुई करोड़ों की चोरी के आरोपी को खरगोन पुलिस ने पकड़ा

## रात्रि गश्त के दौरान गोगावां पुलिस ने आरोपी समीत को दबिश देकर पकड़ा

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा संपत्ति संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के द्वारा चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त आरोपियों पर सतत निगरानी व गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (शहर) बिट्टू सहगल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में थाना गोगावां की पुलिस टीम ने दिल्ली में हुई करोडो की चोरी के आरोपी को देर रात दबिश देकर ग्राम सिगनूर से पकड़ने में सफलता हासिल की है।



**घटना की धाराए**

घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 12.09.25 को थाना कृष्णा नगर जिला शहाद्रा दिल्ली पर अपराध क्रमांक 508/25 धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस जिसमे आरोपीयो के द्वारा लगभग 21,11,000/- रुपये नगदी व 01 किलो से ज्यादा सोना जिनकी कीमत करोडो में है की चोरी हुई थी। जिसमे संदेही समीत पिता सुनार सिकलीगर उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम उमटी थाना वरला जिला बडवानी हाल मुकाम आकाश नगर इन्दौर की संलिप्तता पाई गई थी। दिल्ली पुलिस के द्वारा आरोपी समीत सिकलीगर की गिरफ्तारी के लिए पूर्व में भी अथक प्रयास किए गए थे परंतु सफलता नहीं मिल पाई थी। दिनांक 09 -10.11.25 की दरमियानी रात थाना गोगावां पर रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, उक्त घटना में शामिल आरोपी समीत सिकलीगर ग्राम सिगनुर मे निर्मल सिकलीगर के घर के पास सो रहा है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी गोगावां निरीक्षक श्री मंसाराम रोमड़े के नेतृत्व में थाना गोगावां से पुलिस टीम का गठन कर ग्राम सिगनूर में घेराबंदी कर दबिश डालने हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताए अनुसार ग्राम सिगनूर में घेराबंदी कर दबिश दी व उक्त चोरी की घटना में आरोपी प्रमीत को अभिरक्षा में लिया जाकर दिल्ली पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

**पुलिस टीम**

उक्त की गई कार्रवाई में एसडीओपी भीकनगाँव राकेश आर्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोगावां निरीक्षक मंसाराम रोमड़े के नेतृत्व में उनि.रितेश तायडे आर.1009 जितेन्द्र कौरव आर.566 आशीष आर.758 संतोष डाबी, आर विशाल सोलंकी का विशेष योगदान रहा।

## युवा संगम में गूंजा राष्ट्र निर्माण का आह्वान



**कसरावद निप्र।** शासकीय महाविद्यालय कसरावद के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शताब्दी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में युवा संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के हजारों युवा विभिन्न ग्रामों से एकत्रित होकर राष्ट्र निर्माण और सामाजिक परिवर्तन के संकल्प के साथ जुड़े। मुख्य वक्ता श्री अनिल पाटीदार, विभाग बौद्धिक प्रमुख, ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि भारत की 30 प्रतिशत आबादी युवा है — यही वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा दोनों को बदल सकती है। परंतु आज का युवा मोबाइल, सोशल मीडिया और भौतिक आकर्षणों में उलझता जा रहा है। उसे अपनी ऊर्जा राष्ट्र के उत्थान में लगानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समरस समाज, स्वदेशी भावना, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और परिवार प्रबोधन जैसे पंच परिवर्तन के माध्यम से देश में नवजागरण लाएं। कार्यक्रम में बौद्धिक चर्चा, खेल-कूद और सांस्कृतिक सत्रों के बाद सामूहिक भोजन का आयोजन हुआ। पूरा परिसर देशभक्ति और एकता की भावना से ओत-प्रोत था। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि युवाओं के मन में आत्मविश्वास, अनुशासन और देशभक्ति का संचार करने वाला संगम बन गया।

**श्री पाटीदार ने अंत में कहा:-** युवा वही नहीं जो केवल उम्र से युवा हो, बल्कि वही सच्चा युवा है जो अपने भीतर राष्ट्र के लिए कुछ कर गुज़रने की ज्वाला रखता है।

## गोगावां में छात्राओं को अपराधों के बारे में जानकारी साझा कर जागरूक किया



**गोगावा।** आज थाना क्षेत्र में मुस्कान अभियान के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आदीवासी छात्रावास परिसर गोगावा में कक्षा 06 से कक्षा 09 वी तक की बालिकाओं को गुड टच -बेड टच ,साइबर अपराध, नशीले पदार्थों के सेवन एवं उनसे होने वाले दुष्परिणाम,बाल विवाह, पॉक्सोएक्ट,भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत बालिकाओं के कार्यकलापों,आचरण,व्यवहार से संबंधित अपराधों के बारे में जानकारी साझा कर जागरूक किया गया वही बालिकाओं को पुलिस ने बताया की अगर आपके साथ कोई भी घटना घटित होती है तो सबसे पहले आप पुलिस को सूचना दे पुलिस ने बच्चो के बीच और भी बाते साझा करते हुए बालिकाओं में पुलिस के प्रति विश्वास जगाने की बात कही इस मौके पर उपनिरीक्षक रितेश तायडे महिला आरक्षक अंजली आरक्षक जितेंद्र कोरव होस्टल की वार्डन भी मौजूद थीं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बड़वाह द्वारा भव्य बाल पथ संचलन का आयोजन



**बड़वाह निप्र।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बड़वाह के तत्वावधान में रविवार को नगर में बाल पथ संचलन निकाला गया। संघ के स्वयंसेवक और बाल स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश में अनुशासन के साथ पथ संचलन में शामिल हुए। यह पथ संचलन कंवर कॉलोनी मंदिर के पीछे से प्रारंभ हुआ। संचलन दल ने साहू मार्केट वाली गली से होते हुए महेश्वर रोड, जय स्तंभ चौराहा, मेन चौराहा, एमजी रोड, झंडा चौक, सराफा बाजार और गुरवा मोहल्ला मार्गों से होते हुए खोखली माता मंदिर तक का भ्रमण किया। इसके बाद संचलन पूर्णिमा हॉस्पिटल के पास से आई मार्ट होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे नगर में पथ संचलन का जगह-जगह स्वागत किया गया। नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर संघ के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। नगरवासियों में बाल स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियाँ और राष्ट्रभावना से ओतप्रोत स्वरूप को देखकर देशभक्ति का भाव जाग्रत हुआ। इस अवसर पर संघ के अधिकारियों और वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने बच्चों को राष्ट्र सेवा, अनुशासन और सामाजिक समरसता के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

## न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत सब जेल कसरावद में विधिक जागरूकता शिविर

**कसरावद निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अखिलेश जोशी के निर्देश पर अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं न्यायाधीश मिता पंवार जंदेल की अध्यक्षता में सब जेल कसरावद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया।




न्यायाधीश मिता पवार जंदेल द्वारा बंदियो को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी एवं उनकी समस्या पूछी। बन्दियों ने अपनी समस्या न्यायाधीश के समक्ष कही। न्यायाधीश द्वारा बंदियो के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं बन्दियों को दिए जाने वाले नाश्ते, भोजन और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर में न्यायाधीश इतिशा संघवी द्वारा बन्दियों से न्यायालय में चल रहे केस के बारे में जानकारी ली पैरा लीगल वालंटियरआकील खान द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में जानकारी दी इस अवसर पर जेल स्टाफ से मुख्य प्रहरी श्री गंगादीन सेजवार श्री अंचल यादव प्रहरी। फार्मासिस्ट प्रीति बघेलप्रहरी बबली गिरवाल तकनीकी सहायक जितेंद्र पाटीदार प्रहरी ओमप्रकाश वर्मा मुख्य प्रहरी दशरथ सिंह चौहान एवं बंदी विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थिति रहे।

## गोगावा में स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम

**गोगावा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,मप्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 10/11/25 सीएचसी गोगावॉं में तथा बापना पब्लिक स्कूल शाहपुरा में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रितेश गुर्जर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित मरीजों की जाँच कर उन्हें मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों तथा समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। उक्त कार्यकम्र मित्रम् गेट किपर कि थीम पर आयोजित किया गया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोगावॉं में आने वाले समस्त मरिजों का मानसिक स्वास्थ्य समस्या स्क्रीनिंग, उपचार और मानसिक रोग में आए लोगों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा शिविर में विभिन्न मानसिक व नशा संबंधी समस्याओं और तनाव जैसी समस्याओं की स्क्रीनिंग कर पीड़ितों को उपचार कर मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ साथ कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर अस्पताल के स्टाफ को जागरूक किया गया एवं गर्भवती प्रसूताओं एवं प्रसोत्तर भर्ती महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग कर उचित परामर्श दिया एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर टेली-मानस कार्यक्रम के अंतर्गत जारी मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नम्बरों (14416 और 1800-89-14416) को प्रचारित करते हुए एवम मनकक्ष में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्ब् सामग्री वितरित की गई। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य केन्द्र गोगावॉं का समस्त स्टॉफ एवं स्कूल स्टॉफ भी उपस्थित था।



एक नजर में

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत भाजपा युवा व महिला मोर्चा की कार्यशाला संपन्न**

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर बन रहा भारत : विधायक पाटीदार

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं में हम आत्मनिर्भर हुए हैं।

खाद्यान्न के मामले में हमने काफी उन्नति की है। देश की 80 करोड़ जनता को नि:शुल्क राशन उपलब्ध करा रहे हैं। पड़ोसी देश अफगानिस्तान को 50 लाख टन गेहूं प्रदान किया है। देश में स्वदेशी को भी बढ़ावा मिला है। स्वदेश निर्मित वस्तुओं की मांग बढ़ी है। यह बात खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा व महिला मोर्चा की संयुक्त कार्यशाला में कही। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे के निर्देशानुसार सोमवार को जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में पूर्व विधायक बाबुलाल महाजन, पूर्व माशिमं उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरिता पाटीदार, अभियान के जिला संयोजक डॉ. केआर पाटीदार, सहसंयोजक चंद्रशेखर भालसे, वरिष्ठ नेता डॉ. शंभूसिंह मनहर, छोटू कुशवाह, अभियान के युवा मोर्चा संयोजक भानू श्रीमाली, सहसंयोजक भोला प्रजापत, महिला मोर्चा संयोजक शुभा खोड़े, सहसंयोजक शीतल राठौर मंचासीन थे। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसादजी व पंडित दीनदयालजी के चित्र के पूजन से हुआ। उपस्थित कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया। चंद्रशेखर भालसे ने अभियान की प्रस्तावना रखी।




सरिता पाटीदार ने युवा मोर्चा व महिला मोर्चा को भाजपा की रीढ़ बताते हुए स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान का आह्वान किया। विधायक पाटीदार ने कहा हम आत्मनिर्भर बनेंगे तो देश आत्मनिर्भर होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी के लिए देशवासियों से आह्वान किया है। उन्होंने विकास के मुख्य आधार सड़क, बिजली व पानी के क्षेत्र में काफी कार्य किया। देशभर में सड़कों का जाल बिछाया गया है। बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए सौर ऊर्जा के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। खेतों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है। इससे खाद्यान्न उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। मोदीजी के नेतृत्व में देश की सेना अस्त्र-शस्त्रों के मामले में आत्मनिर्भर हुई है। लड़ाकू विमान, हवाई जहाल, हेलीकॉप्टर सहित अन्य सैन्य साजो-सामान भारत में निर्मित हो रहा है। अब हम सैन्य सामग्री का निर्यात भी कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग कर पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने पर ला दिया।

ऐसे में देश के प्रत्येक नागरिक को स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान देना चाहिए।